प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

दिल्ली पुलिस गिरफत्तारी

एआई–समिट दिल्ली में प्रदर्शन करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने शिमला के चिड़गांव से 3 युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफत्तार किया है। जिसमें दो कार्यकर्ता उतरप्रदेश और एक मध्यप्रदेश से है। बीते कल हुई इस गिरफत्तारी के बाद दिल्ली लौट रहे पुलिस दल को शिमला पुलिस ने दो बार रोका और दिल्ली पुलिस के खिलाफ किडनैपिंग का मामला भी दर्ज किया। स्थानीय पुलिस दिल्ली पुलिस दल द्वारा दिखाए गए गिरफत्तारी के दस्तावेज से संतुष्ट नहीं थी।

घटनाक्रम पर अधिक जानकारी के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता

जयराम

दिल्ली पुलिस द्वारा शिमला से गिरफतार किए गए 3 आरोपियों और शिमला पुलिस की कारवाही को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष ने जयराम ठाकुर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जयराम ठाकुर ने दिल्ली पुलिस के काम में शिमला पुलिस का सहयोग न देने के रवैये को दुखद बताया है। उन्होंने बताया कि एआई इंपैक्ट समिट में प्रदर्शन से इन आरोपियों ने देश की छवि को खराब करने का काम किया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजनाओं के लिए प्रयाप्त धनराशि उपलब्ध करवाएगी ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति की सामाजिक सुरक्षा पैंशन बंद न की जाए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र पैंशन धारकों को उनकी पैंशन मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कल शिमला में विभाग को सभी पात्र लाभार्थियों को पैंशन से जोड़ने के लिए जल्द औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 7 लाख 60 हजार 7 सौ 72 लाभार्थियों का ई–केवाईसी पूरा किया जा चूका है।

होमगार्ड

प्रदेश गृह रक्षा विभाग में होमगार्ड स्वंयसेवकों की भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से अवेदन के साथ नो ड्रग यूज प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। विभाग के अनुसार होमगार्ड राज्य की कानून व्यवस्था आपदा प्रबंधन और अन्य आपात सेवाओं मे अहम भूमिका निभाते है। जिसके लिए युवाओं का शारिरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ व नशामुक्त होना जरूरी है। प्रदेश में 7 सौ होमगार्ड स्वंयसेवकों के पद भरे जाने है जिसके लिए 31 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए है।

एचपीयू

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने व्यावसायिक कायक्रमों के विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए शैक्षणिक सत्र 2018–19 से अभी तक के छात्रों के लिए डिग्री पूरी करने अथवा अंकों में सुधार का विशेष अवसर दिया है। विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद की बैठक में लिए गए इस निर्णय का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी 16 मार्च तक बीना विलम्ब शुल्क परीक्षा फॉम भर सकते है।

साहित्य उत्सव

चंबा में 12 से 14 मार्च तक चंबा साहित्य उत्सव–2026 का आयोजन किया जाएगा। ये आयोजन साहित्यिक जगत का एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है जिसमें देश भर के नामी साहित्यकार, लेखक और कवि भाग लेंगे।

उत्सव को लेकर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने जानकारी दी है कि आज की युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने के लिए इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है ताकि युवा पीढ़ी का रुझान मोबाइल से हटकर किताबों की तरफ बढ़े। वहीं इस अवसर पर एक पुस्तक मेला भी लगाया जाएगा।

भूस्खलन सुधार

कुल्लू के अखाड़ा बाजार में व्यापक सुधार कार्यों के लिए स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने 8 करोड़ 35 लाख रूपए की एक योजना मंजूर की है, जिससे पिछले साल बरसात में हुए भूस्खलन से प्रभावित लगभग एक हजार निवासियों को जरूरी राहत मिलेगी। सुंदर ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र में भूस्खलन से एक बहुत बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें लगभग 10 लोगों की मौत हो गई थीं। उन्होंने बताया कि 8 करोड़ से अधिक की इस परियोजना का डिज़ाइन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान –आईआईटी द्वारा मान्य किया जाएगा, जिससे ढलान स्थिरीकरण में विश्व स्तरीय विशेषज्ञता सुनिश्चित होगी।

पेयजल योजना

बीते कुछ दिनों से प्रदेशभर में मौसम के साफ रहने के बाद आज से एकबार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विज्ञान शिमला के अनुसार आज प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हल्की बारिश और बर्फवारी की संभावना बनी है।

इधर लंबे समय से बारिश न होने के चलते पेयजल योजनाओं के प्रभावित होने की संभावनाओं को लेकर जल शक्ति विभाग चंबा ने तैयारियां शुरू कर दी है। विभाग को आशंका है कि ड्राईस्पेल के चलते इस वर्ष मार्च माह के दूसरे सप्ताह से ही पेयजल कमी का सामना करना पड़ सकता है। जल शक्ति विभाग कांगड़ा जोन के चीफ इंजीनियर दीपक गर्ग ने कहा कि पेयजल वितरण अवधि में अभी 10 मिनट तक की कटौति की गई है।